2009 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय और ऐरिस्टविथ विवि के वैज्ञानिकों ने 'ऐडम' नामक एक रोबोट बनाया। कृत्रिम बुद्धि का उपयोग करके इसने भविष्यवाणी की थी कि जैव रासायनिक अभिक्रिया को उत्प्रेरित करने में कुछ विशिष्ट जीव शामिल होते हैं। अगला आने वाला रोबोट 'ईव', ऐडम से अधिक उन्नत हो जाएगा। कृत्रिम बुद्धि ने निर्णय लेने की प्रक्रिया पहले की तुलना में आसान बना दी है। इससे मानव त्रुटियां कम हो रही हैं और दक्षता में वृद्धि हो रही है। लेकिन कृत्रिम बुद्धि से जुड़ी एक गंभीर बहस भी छिड़ी हुई है कि तकनीकी प्रगति हमेशा मानव रोजगार के लिए खतरा बनती है। हाल ही में कई आईटी कंपनियों में हजारों कर्मचारियों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा है, क्योंकि इनकी जगह बुद्धिमान मशीनों ने ले ली। 2016 में फॉक्सकॉन नामक कंपनी ने 60,000 श्रमिकों को रोबोटों के साथ बदल दिया। एक चिंता और है कि 'अगर रोबोट मनुष्यों की तुलना में अधिक कुशल हो जाते है तो क्या वे मानव जाति को खत्म कर सकते है?' स्टीफेन हॉकिंग ने भी कहा था, ''पूर्ण कृत्रिम बुद्धि के विकास से मानव जाति का अंत हो सकता है''।

भारत में विज्ञान का महत्व

हम स्वयं से पूछ सकते हैं-भारत में इस विकास का स्वरूप क्या है? सर्वप्रथम यह समझना होगा कि भारत में रचनात्मक कार्यों की एक लंबी और गौरवशाली परंपरा रही है। सिंधु घाटी की सुनियोजित सभ्यता, महान वैज्ञानिक खोजें जैसे-दशमलव आधारित स्थानीयमान प्रणाली तथा बीजगणित, ज्यामिति और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में हुए अन्य महत्वपूर्ण कार्य, रसायन विज्ञान में आसवन की खोज, स्वास्थ्य की समेकित प्रणाली और बीमारियों के इलाज के लिए आयुर्वेद, धातुकर्म की महान परंपराएं, सिविल इंजीनियरिंग और वास्तुकला का सामर्थ्य जिसको देश के भव्य प्राचीन स्मारकों और सड़क व्यवस्थाओं में विशेषतौर पर देखा जा सकता है। ये सभी प्राचीन भारतीय समाज में वैज्ञानिक समझ, वैज्ञानिक ज्ञान, वैज्ञानिक पद्धति और सौंदर्यबोध की विशेषताओं को चित्रित करते हैं।

इसी प्रकार अजंता की वास्तविक चित्रकारी और ऐलोरा की मूर्तियां, उत्तर की सूक्ष्म चित्रकारी, कर्नाटक और हिन्दुस्तानी संगीत परंपरा, भरतनाट्यम और कत्थक के प्रतिष्ठित नृत्य रूप, महान लोक कलाएं, प्रयासों की विविधिता और व्यापकता को चित्रित करते हैं। ये गतिविधियां लगभग पांच हजार साल पहले शुरू होकर कई सदियों तक चली। महान सफलताओं के युगों के बाद अंधकार के दौर भी आए।

परन्तु पिछले 300 सालों में अंतरराष्ट्रीय संघर्ष और उपनिवेशी प्रभुत्व के दौर में सकारात्मक और नई खोजों के चलते आम अवनति का दौर रहा। भारतीय दर्शन की महान बौद्धिक परंपरा या वैज्ञानिक तार्किकता जो पहले देखी गयी थी, इस परिदृश्य में कहीं नहीं थी, जिसके परिणामस्वरूप धर्मांधता, कट्टर संकीर्ण दिमागों और रुढ़िवादी तरीकों ने रचनात्मक गतिविधियों की जगह ले ली। इस वजह से जब पश्चिम में वैज्ञानिक और औद्योगिक क्रांति हुई तो भारत इनका फायदा नहीं उठा सका।

वैज्ञानिक गतिविधियों में पुनर्जागरण

पिछले सौ वर्षों में स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान एक बौद्धिक हलचल पैदा हुई जिसने संपूर्ण भारतीय समाज को झकझोर दिया और उसके अनुरूप भारतीय वैज्ञानिक गतिविधियों में पुनर्जागरण हुआ, जिनमें केसी बोस, पीसी रे, सीवी रमन, एमएन साहा, एसएन बोस, एम विश्वेश्वरैया, एस रामानुजन इत्यादि महापुरुषों के वास्तविक कार्य उल्लेखनीय हैं। विज्ञान के क्षेत्र के बाहर कुछ शख्सियतें पैदा हुईं जैसे राजा राममोहन राय, स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ टैगोर, अरविंद घोष और फिर महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले कई महान नेता। (इनका जिक्र पुनर्जागरण के व्यापक फलक को दिखाने के लिए किया गया है) विज्ञान और समाज के बीच में संबंधों को सबसे स्पष्ट तौर पर समझने वाले भारतीय नेताओं में जवाहर लाल नेहरू प्रमुख थे। उन्होंने टिप्पणी की थी कि 'विज्ञान मात्र परखनलियों पर नजर गड़ाने, इस या उस वस्तु को मिलाने और बड़ी-छोटी चीजों के उत्पादन तक ही सीमित नहीं है। विज्ञान अंततः मस्तिष्क और संपूर्ण जीवन को वैज्ञानिक तौर तरीकों के अनुसार प्रशिक्षित करने का एक तरीका है।' जवाहर लाल नेहरू का कहना था कि समाज के हर तबके में 'वैज्ञानिक मनोवृत्ति' का विकास करने के लिए निरंतर जारी रहने वाले एक व्यापक कार्यक्रम की जरूरत है।

विज्ञान प्रगति प्रस्ताव 1958

भारत सरकार ने 4 मार्च 1958 को नीति प्रस्ताव स्वीकर किया और मुख्य रूप से यह जवाहर लाल नेहरू की वजह से तैयार हुआ था। इसमें ऐसे कई वाक्य हैं जो कई मौलिक सिद्धांतों को दृढ़तापूर्वक प्रस्तुत करते हैं। विशेषतौर पर इसमें कहा गया है 'सिर्फ वैज्ञानिक पद्धति और तौर-तरीकों के द्वारा तथा वैज्ञानिक ज्ञान के जरिये ही तार्किक सामग्री, सांस्कृतिक सुविधाओं और सेवाओं को समुदाय के प्रत्येक सदस्य के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है...' और, 'विज्ञान ने मानव विकास और संस्कृति के प्रसार को इस हद तक बढ़ाया जितना पहले कभी संभव नहीं था.... इसने चिंतन के लिए नए औजार उपलब्ध कराये और मनुष्य के मानसिक क्षितिज को विस्तृत किया। इस तरह इसने जीवन के मूलभूत मूल्यों को प्रभावित किया और सभ्यता को नयी जीवन शक्ति और गतिशीलता प्रदान की।'

विज्ञान नीति प्रस्ताव ने वही कहा जिसे जवाहर लाल नेहरू ने पहचाना था कि विज्ञान सिर्फ पेशेवर वैज्ञानिकों या बौद्धिक अभिजात वर्ग के लिए ही नहीं है, बल्कि इसका सरोकार संपूर्ण समाज से है और इसमें सभी शामिल है। मुझे इस तर्क की ओर विस्तृत व्याख्या करने दें। विज्ञान को अक्सर ज्ञान के एक विशाल संग्रह के तौर पर जाना जाता है, या फिर उन जटिल यंत्रों और उपकरणों के रूप में जो विशेष योग्यता की मांग करते हैं। जिस तरह आज हम इन्हें इस्तेमाल करते हैं, इसमें कोई शक नहीं है कि ये विज्ञान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। परन्तु मुख्य रूप से विज्ञान अन्वेषण की भावना को व्यक्त करता है और यह सही तर्क करने की प्रक्रिया पर आधारित है। सबसे महत्वपूर्ण है वैज्ञानिक पद्धति जिसमें शामिल हैं-अवलोकन और पैमाइश का विश्लेषण, एक अवधारणा या सिद्धांत का निर्माण जो पैमाइश पर फिट बैठ सके। फिर उसका सामान्यीकरण जिसके परिणामस्वरूप अन्य परिघटनाओं की भविष्यवाणी की जा सके और इसके लिए तथा अवधारणा या परिकल्पना की परख के लिए प्रयोग और गणनाएं, ऐसी स्व-संगत परिकल्पनाओं और प्रयोगों का निर्माण जो अपने आप में ठीक हों, इत्यादि। यहां किसी के प्राधिकार की स्वीकार्यता नहीं है। अंततः वही स्वीकार किया जाता है, जिसे तथ्यों को प्रमाणित करने को इच्छुक किसी व्यक्ति द्वारा स्वतंत्र रूप से प्रमाणित किया जा सके। वैज्ञानिक तरीको को सिर्फ उन संकीर्ण परिधियों में ही इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, जिन्हें हम विज्ञान के तौर पर परिभाषित करते हैं। वैज्ञानिक तरीके समान्य प्रयोजन के लिए उपयोगी हैं। इस तार्किक, वस्तुनिष्ठ और जिज्ञासु प्रवृत्ति का प्रसार जवाहर लाल नेहरू हमारे समाज में देखना चाहते थे और उन्होंने इस बेहद सटीक तौर पर वैज्ञानिक मनोवृत्ति के तौर पर उद्धृत किया था।

वैज्ञानिक मनोवृति का प्रसार

वैज्ञानिक मनोवृत्ति के विकास में शामिल है-एक सामंजस्यपूर्ण वैज्ञानिक समुदाय का विकास जो न सिर्फ अपने पेशेवर कार्य में विज्ञान की तकनीक और उपकरणों के कुशलतापूर्वक इस्तेमाल के प्रति सरोकार रखता हो, बल्कि जांच-पड़ताल और विश्लेषण के उन तर्कसंगत और वस्तुनिष्ठ तरीकों के प्रति भी गहन रूप से प्रतिबद्ध हो जो विज्ञान की खासियत रहे हैं। इस बात को सुनिश्चित करना कि वैज्ञानिक तरीके और व्यापक अर्थों में तार्किक ढंग से सोचने की प्रक्रिया राष्ट्रीय कार्यों के सभी पहलुओं पर निर्णय लेने में इस्तेमाल हो, खासतौर से इस तरह कि वह सबको दिखायी दे, और विज्ञान के तरीके और भावना संपूर्ण समाज के मन में घर कर जाए। यह सब कैसे संभव किया जा सकता है? मेरी राय में इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व शिक्षा है। आवश्यकता है कि शिक्षा व्यवस्था का एक नया ढांचा बनाया जाए।

वर्तमान पद्धति में ज्ञान का एक पहाड़ विद्यार्थियों की छाती पर रख दिया जाता है, जिसे रटने और याद करने के बाद कुछ मौकों पर उन्हें उगल देना होता है। इसी जगह हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था को अपने आसपास के वातावरण से जोड़ना चाहिए। हम सभी को बच्चों से जुड़े होने का सौभाग्य प्राप्त है। उनकी दुनिया को जानने और समझने की हमेशा अतृप्त रहने वाली इच्छाओं और उनके द्वारा अक्सर पूछे जाने वाले ऐसे प्रश्नों को जो असुविधाजनक हैं, जिनके जवाब देना कठिन है, हम सभी नोटिस करते हैं। वर्तमान शिक्षा जिज्ञासा और जांच पड़ताल की इस भावना को प्रोत्साहित करने के बजाय उसे खत्म कर देती है। मैं जोर देकर कहना चाहूंगा कि वह सभी कुछ जो हम सामान्यतः बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं, जैसे-नाम, भाषा, गणित, विज्ञान, नैतिक मूल्य, इतिहास के बुनियादी लक्षण, भूगोल इत्यादि। उस अनुभव के द्वारा सिखाया जाता है जो उन्हें अपने निकट आस-पड़ोस में हासिल है और यह उनके लिए बेहद दिलचस्प

और उत्साहजनक होगा, होना ही चाहिए। इसके अलावा यह महत्वपूर्ण है कि बच्चों को उसी भाषा में सिखाया जाए जिससे वे मूल रूप से परिचित हैं। अगर उन्हें उस भाषा में पढ़ाया जाता है, जिससे वे स्वयं ही अपरिचित हैं, तब उन्हें जो पढ़ाया जा रहा है उसे सही-सही समझने और अपनी बात समझाने में उन्हें कठिनाई होगी। एक विद्यार्थी उसी भाषा-शैली और अन्तर्वस्तु को बिना किसी भटकाव के ठीक उसी पूर्णता के साथ अपनाता है जैसा कि उसे पढ़ाया गया है। यह विज्ञान की भावना के एकदम खिलाफ है जो स्वतंत्र चिंतन और अभिव्यक्ति की आजादी की मांग करती है।

वैज्ञानिक तरीके से समस्याओं का समाधान

वैज्ञानिक जागृति के प्रसार में एक महत्वपूर्ण तत्व यह सुनिश्चित करना है कि देश में किया जाने वाला अधिकांश वैज्ञानिक कार्य अन्यत्र किए जाने वाले कार्यों की नकल हो। इसके बजाय, उसे वास्तव में अपने देश और अपने निकट परिवेश में पेश आने वाली समस्याओं से प्रेरित होना चाहिए और इन समस्याओं का हल वैज्ञानिक तरीकों से निकालने का प्रयास करना चाहिए। भले ही यह कार्य विज्ञान के अग्रणी कार्यों में शुमार न हो या महान अंतरराष्ट्रीय महत्व को न समझा जाए। एक सतत प्रक्रिया होनी चाहिए जिसके तहत वैज्ञानिक समुदाय और समाज उन समस्याओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के जरिये हल करने की कोशिश करें, जिनका वे सामना करते हैं। यही वह सर्वश्रेष्ठ तरीका है जिससे वैज्ञानिक मनोवृत्ति का प्रसार किया जा सकता है। चूंकि विज्ञान अंतरराष्ट्रीय है इसलिए यह आवश्यक है कि विज्ञान के अग्रणी क्षेत्रों में काम करने वाले ऐसे सचमुच प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों की जरूरत है, जिनका कार्य नकल से प्रेरित न होकर, वास्तविक अन्तःप्रेरणा पर आधारित हो। विज्ञान की लोकप्रियता को अक्सर वैज्ञानिक मनोवृत्ति के प्रसार के साथ उलझा दिया जाता है। मैं यहां जोर देकर कहना चाहूंगा कि विज्ञान की लोकप्रियता वैज्ञानिक चेतना के प्रसार का एक हिस्सा मात्र है। हमारे समाज के लिए निश्चय ही यह बेहद महत्वपूर्ण है कि उसे हमारे देश में होने वाले वैज्ञानिक प्रयासों और विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताया जाए और साथ उस प्रगति के बारे में भी जो दुनियाभर में हो रही है। परन्तु लोकप्रियता की प्रक्रिया अक्सर ज्ञान को आसान शब्दों में व्यक्त करने तक सीमित रहती है। महत्वपूर्ण यह है कि उस भावना को व्यक्त किया जाए कि इस ज्ञान को हासिल कैसे किया गया। यहां विज्ञान को एक चमत्कार और जादू की छड़ी मानने की प्रवृत्ति है जो सभी समस्याओं को खुद-ब-खुद हल कर देगी। इस मिथक को समाप्त करने की आवश्यकता है। हमें यह जान लेना होगा कि समाज को स्वयं ही समस्याओं को हल करना होगा और समाज के अंदर खुद इसे हल करने की क्षमताएं हैं, जिनमें इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल करने की क्षमता भी शामिल है।

नंबर सफलता की कसौटी नहीं

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दसवीं, बारहवीं परीक्षा के नतीजों की घोषणा के साथ ही फिर सबका ध्यान इस बात पर केंद्रित हो गया कि अव्वल कौन रहा! गौरतलब है कि सीबीएसई के नतीजों में इस साल लगभग 87 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। यह आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले करीब 5 प्रतिशत कम है। यानी अगर नतीजों को ही मानक मानें तो बहुत सारे विद्यार्थियों की पढ़ाई की गुणवत्ता में गिरावट आयी है। माना जा रहा है इस साल नतीजों में गिरावट की वजह परीक्षा के प्रारूप में बदलाव है, जिसके तहत सीसीई यानी निरंतर एवं व्यापक मूल्यांकन प्रणाली को इस बार लागू नहीं किया गया था। पर सवाल है कि क्या परीक्षाओं में ज्यादा से ज्यादा नंबर लाना ही बेहतर नतीजों का पैमाना होना चाहिए? विडंबना है कि इस सवाल के बरक्स विकसित हुई व्यवस्था में लोगों के बीच यह धारणा बनी है कि अगर उनके बच्चों को अच्छे नंबर नहीं मिले तो उन्हें बेहतर भविष्य की दौड़ से बाहर मान लिया जाएगा। इस सोच का प्रत्यक्ष फायदा यह दिख रहा है कि बच्चों ने पढ़ाई-लिखाई पर खुद को केंद्रित किया और परीक्षाओं में काफी अच्छे नंबर हासिल कर रहे हैं। मगर इसका दूसरा पहलू चिंताजनक है।

यों पिछले साल की अपेक्षा नतीजों के प्रतिशत में कमी के बावजूद विद्यार्थियों की कुल कामयाबी पर खुश हुआ जा सकता है। पर कड़वी हकीकत यह भी है कि नतीजों की घोषणा के बाद कई विद्यार्थियों के खुदकुशी कर लेने की खबरें आईं। वजह सिर्फ यह थी कि इन बच्चों को लगभग 70 या 60 फीसदी अंक हासिल हुए थे। जान गंवाने वाली एक बच्ची की फिक्र यह थी कि अब वह विज्ञान विषय से पढ़ाई नहीं कर पाएगी, क्योंकि स्कूल वाले उसका दाखिला ही नहीं लेंगे। और एक बच्चे को कम नंबर आने की वजह से उसके अभिभावकों ने फटकार लगाई। सवाल है कि यह कौन-सी व्यवस्था बनती गई कि परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक नंबर न ला पाने पर बच्चों को कमतर मान लिया जाता है? यह कैसी मानसिकता है कि ज्यादा नंबरों को अभिभावकों ने प्रतिष्ठा का पर्याय बना लिया है और उसे बच्चों के जीवन के मुकाबले ज्यादा अहम मान लिया है। जबकि दुनियाभर में ऐसे अनेक उदाहरण हैं कि पढ़ाई में सामान्य उपलब्धि वाले बहुत सारे बच्चों ने ज्यादा नंबर पाने वालों के मुकाबले दूसरे क्षेत्रों में ऊंचे मुकाम हासिल किए या बेहतर इंसान के रूप में मशहूर हुए।

दरअसल हमारे यहां परीक्षा में नंबरों की अहमियत इसलिए भी है कि ज्यादा नंबर लाने वाले विद्यार्थियों को बेहतर कॉलेजों में दाखिला मिलता है और कम नंबर लाने वालों को कमतर कहे जाने वाले कॉलेजों में किसी तरह से जगह मिल पाती है। जरूरत इस बात की है कि सभी स्कूलों और कॉलेजों में गुणवत्ता आधारित शिक्षा के स्तर को एक समान बनाया जाए, ताकि पढ़ाई विद्यार्थियों के लिए सहज जीवन का हिस्सा हो। स्कूल-कॉलेजों की शिक्षा उनके भीतर मौजूद योग्यता या क्षमता में निखार का जरिया बने, न कि उनके लिए गलाकाट प्रतिस्पर्धा साबित हो। किसी भी परीक्षा में अच्छे नंबरों से पास होना सबकी ख्वाहिश होती है और यह स्वाभाविक है। लेकिन अगर ज्यादा नंबर लाने की जद्दोजहद एक खास तरह के तनाव में तब्दील हो जाए तो यह सोचने की जरूरत है कि बच्चों की पढ़ाई उनकी जिंदगी संवारने के लिए होनी चाहिए या उन्हें एक अंतहीन होड़ में झोंक देने के लिए!



खो रहा है बचपन

स्वतंत्रता के समय कल्पना की गई थी कि सभी छात्रों को शिक्षा के समान अवसर मिलेंगे। यह सपना फिलहाल टूट चुका है। शिक्षा में अनेक प्रकार की असमानताएं ही बढ़ रही हैं। प्रतिस्पर्धा इतनी अधिक है कि माता-पिता प्रारंभ के वर्षों में ही बच्चों पर लगातार दबाव शुरू कर देते हैं। वे एक ओर माता-पिता की इच्छाओं की पूर्ति के बोझ तले दबते हैं तो दूसरी ओर पुस्तकों के बोझ से। इसमें उनका बचपन खो रहा है।

थोपें नहीं बच्चे की भी सुनें

नंबर ही जिंदगी में सब कुछ नहीं होते, अभिभावकों को यह फार्मूला अपनाना होगा। अपने बच्चे का मनोबल बढ़ाएं और खुद के साथ उनमें भी सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास करें। नंबर कम आने पर व्यावहारिक दिक्कतें हो सकती हैं। असफलता से सीखने की कोशिश करें। जरूरत पड़ने पर काउंसलर की मदद भी ली जा सकती है। बच्चों को एक्सरसाइज, मेडिटेशन, योगा करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही अपने परिवार में पढ़ाई और रिजल्ट को लेकर खुली बहस करें। इसमें बच्चा भी अपनी बात ठीक से रख सकेगा। समस्या भी पता चलेगी।

10
दिनों तक बच्चा गुमशुम रहे तो इसे गंभीरता से लें, डॉक्टर को दिखाएं

60
से 70 प्रतिशत अंक को बहुत कम माना जा रहा है इन दिनों

90
अंक आने पर भी निराश रहते हैं कई अभिभावक

20
प्रतिशत से अधिक बच्चे रिजल्ट के बाद रहते हैं तनाव में

अपने बच्चे का भरोसा जीतें

नंबर कम आने पर बच्चा डिप्रेशन में जा सकता है। डांट पड़ने पर उसे भी गुस्सा आता है। यह ठीक नहीं। ऐसी स्थिति में अभिभावकों को अपना संयम बरकरार रखना चाहिए। यह न हो कि अभिभावक ही झुंझलाने लगें कि मैं इसके भले के लिए कह रहा हूं और यह नाराज हो रहा है। यह समय उसे आत्मबल प्रदान करने का होता है। उसे खुद यह बताने की कोशिश करें कि वह दुनिया का पहला बच्चा नहीं है कि उसे कम नंबर आए हैं। देश-विदेश में ऐसे हजारों सफल व्यक्ति हैं, जिन्हें पढ़ाई में कम नंबर आए लेकिन वे शीर्ष पदों पर पहुंचे। बड़े उद्योगपति भी बने।

खुलकर तारीफ करें

जब बच्चे का रिजल्ट खराब हो तो तब भी उसकी खुलकर तारीफ कर सकते हैं। उसे बता सकते हैं कि तुममें आगे अच्छा करने की बहुत क्षमता है। खेलों समेत अन्य प्रतियोगिताओं में अगर पहले उसने अच्छा किया है तो आप उसका उदाहरण दे सकते हैं कि कैसे उसने दूसरे क्षेत्रों में सफलता अर्जित की है। खुद के साथ अपने परिवार का मान भी बढ़ाया। उन पलों के बारे में अच्छी बातें सुनकर उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा। निश्चय ही वह भविष्य में पढ़ाई के साथ ही अन्य दूसरी गतिविधियों में भी बेहतर करने की कोशिश करेगा और समाधान की राह निकलेगी।

जब बच्चा ज्यादा तनाव में हो

अगर बच्चे में 10-15 दिनों तक उदासी का दौर बना रहता है तो उसे डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए। जिस तरह ब्लड प्रेशर, थायरॉयड या फिर दूसरी बीमारियों के इलाज के लिए डॉक्टर की जरूरत पड़ती है, उसी तरह तनाव के लिए भी डॉक्टर से मदद लेना जरूरी है। इसके लिए साइकोलॉजिस्ट या साइकाइट्रिक्स से मिल सकते हैं। अगर समस्या ज्यादा नहीं है तो साइकोलॉजिस्ट से मिलना चाहिए। वह बच्चे की काउंसिलिंग करके समस्या दूर करने की कोशिश कर सकता है। अगर दिक्कत ज्यादा हो तो साइकाइट्रिक्स की मदद लेनी पड़ती है। वह दवाएं भी दे सकता है।

तर्क-बुद्धि व विज्ञान की रोशनी में जीना सीखें

महात्मा बुद्ध ने कहा है - 'अप्प दीपो भवः' अर्थात् अपना प्रकाश खुद बनो, अपना गुरु खुद बनो, अपने विवेक का प्रयोग करना सीखो। महात्मा बुद्ध की इसी शिक्षा को डॉ. आंबेडकर ने भी अपनाया था और देश के दलितों को एक नया नेतृत्व प्रदान करने का प्रयास किया था। इसलिए उनके इस सामाजिक बदलाव और न्याय की सोच का देश लोहा मान रहा है।

केंद्र के छात्र-छात्राओं के नाम निदेशक का पत्र

प्रिय छात्र-छात्राओं,

आप हमारे समाज के सजग और संवेदनशील नागरिक हैं। आपके घर वाले आपसे एक अच्छी नौकरी की अपेक्षा रखते हैं। जीवन जीने के लिए यह जरूरी भी है। अधिक नहीं, केवल चार-पांच घंटे के परिश्रम से ही आप सफलता की किसी भी ऊंचाई को छू सकते हैं। इस केन्द्र के सैकड़ों छात्रों ने ऐसा करके दिखा दिया है- आप भी ऐसा करके दिखा सकते हैं...।

विभिन्न नौकरियों में जाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा यह केन्द्र अपने छात्रों को एक प्रबुद्ध नागरिक भी बनाता रहा है। स्वस्थ समाज के लिए यह जरूरी है। इसी कारण आपसे भी मेरी कुछ अपेक्षाएं हैं-

आप, भगवान नहीं विज्ञान में विश्वास करें। तर्क, बुद्धि और विज्ञान की रोशनी में जीना सीखें।

अपने जीवन और समाज से जुड़ी समस्याओं का निदान-समाधान खोजने के लिए तर्क का सहारा लें, बुद्धि की शरण में जायें, ज्ञान और विज्ञान के प्रकाश में घटनाओं का विश्लेषण कर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की पहल करें। दुनिया के प्रायः सभी विकसित देशों के नागरिकों ने यही किया है और आपको भी इसी का अनुकरण और अनुसरण करके आगे निकलना है।

प्रिय छात्रों, यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जो देश जितना ही धार्मिक है वह उतना ही पिछड़ा हुआ है। भारत भी एक धार्मिक देश और इसके पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण वहां के लोगों की अतिधार्मिकता भी है। यह के धार्मिक लोग अक्सर आस्था और विश्वा का हवाला देकर अपनी धार्मिकता को कायम रखने का प्रयास करते हैं पर यह एक बहुत बड़ा भ्रम है। आस्था या विश्वास किसी व्यक्ति का अच्छा गुण नहीं माना जाता है। यह पिछड़ेपन की पहचान है। आस्था और विश्वास की जगह हमें कौतूहल, जिज्ञासा, तर्क, बुद्धि और वैज्ञानिक सोच का सहारा लेना चाहिए। ई. वी. रामासामी पेरियार, ज्योतिबा फुले और डॉ. आंबेडकर की रचनाओं की भी मूल ध्वनि यही रही है। हमारे इन महान समाज सुधारकों और सामाजिक बदलाव के पुरोधाओं ने अपनी रचनाओं में बार-बार इस बात का जिक्र किया है कि हमें तार्किक, बौद्धिक और वैज्ञानिक सोच अपनाकर जीने की आदत डालनी चाहिए।

महात्मा बुद्ध ने भी यही कहा है - 'अप्प दीपो भवः' अर्थात् अपना प्रकाश खुद बनो, अपना गुरु खुद बनो, अपने विवेक का प्रयोग करना सीखो। महात्मा बुद्ध की इसी शिक्षा को डॉ. आंबेडकर ने भी अपनाया था और देश के दलितों को एक नया नेतृत्व प्रदान करने का प्रयास किया था। इसी कारण आज पूरा देश डॉ. आंबेडकर की इस सामाजिक बदलाव और सामाजिक न्याय की सोच का लोहा मान रहा है।

देश के नागरिकों के लिए दुर्भाग्य की बात है कि आज बिना सिर-पैर की धार्मिक आस्थाओं तथा अन्य प्रकार के निरर्थक और आम जनता को गुमराह करने वाली कपोल, कल्पित मन गढ़ंत, धार्मिक भावनाओं की बातें

तरह-तरह के हथकंडों को अपनाकर लोगों के बीच लाने की साजिश चल रही है। धार्मिक आडम्बरों का साम्राज्य खड़ा किया जा रहा है। डॉ. आंबेडकर ने हमें इस बात के लिए सावधान किया है। साथ ही हिन्दू धर्म की मनगढ़ंत और अतार्किक, अबौद्धिक और अवैज्ञानिक सोच को भी उजागर करने का प्रयास किया।

प्रिय छात्रों, प्राकृतिक संसाधनों से युक्त भारत एक अमीर देश है, पर हम भारतीय गरीब हैं। खासकर पिछड़े और दलित। लेकिन आप छात्रों को यह जानकारी होनी चाहिए कि भारत का सबसे ज्यादा सोना यहां के मंदिरों की तिजोरियों में कैद है, जो अमेरिका के कुल सोने से भी ज्यादा बताया जाता है। सारिका के संपादक स्व. कमलेश्वर के अनुसार देश के मंदिरों की सम्पत्ति से इस देश का ढाई वर्ष का खर्च चलाया जा सकता है। इसी संदर्भ में यह बता दें कि वर्ष 2001 में थाईलैंड की अर्थव्यवस्था बेपटरी हुई थी तो वहां का एक नागरिक जो राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत था और अमेरिकी बौद्ध भिक्षु बन गया था, उसने अपनी ओर से इतना अधिक सोना और खरबों डॉलर थाई सरकार को दान देकर अपने देश की डगमगाती अर्थव्यवस्था को संभाल लिया था। यहां के भी मंदिर के पुजारियों को उस बौद्ध भिक्षु से सबक लेकर इस देश के गरीब नागरिकों के लिए कुछ इसी तरह का काम करना चाहिए।

छात्रों, आज वैज्ञानिक प्रगति जीवन को सहज सरल और सुचारू बनाती हुई एक वरदान के रूप में हमें सुखी बनाने में लगी है। मगर भारतवर्ष में टेलीविजन जो वैज्ञानिक वरदान का जीता जागता प्रमाण है, का बहुत दुरुपयोग हो रहा है। जब हम टेलीविजन जैसे यंत्र पर रुद्राक्ष की माला अथवा मृत्युंजय मंत्र की बिक्री का प्रचार होते देखते हैं तो अपना माथा पीटकर रह जाते हैं। यह तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के दुरुपयोग की पराकाष्ठा है।

आज सरकार की नाक के नीचे बापू आसाराम जैसे निठल्ले साधु-संत पल रहे हैं और अंधविश्वास व पाखंड के नाम पर भोले-भाले गरीब लोगों को लूटा जा रहा है। वर्ष 2013 में केदारनाथ में हुए जल-प्रलय से न जाने कितने घरों का चिराग बुझ गया। न जाने कितने परिवार पूरी तरह जल मग्न हो गए। जहां इस प्राकृतिक आपदा पर आंसू बहाया जा रहा था, उसी दौरान 9 अगस्त 2013 के नवभारत टाइम्स में संपादक के नाम लिखी भगवती प्रसाद मिश्र, देवप्रयाग, गढ़वाल की एक छोटी सी चिट्ठी ने सारे देश को झकझोर कर रख दिया। चिट्ठी इस प्रकार है- ''केदारनाथ घाटी में आई बाढ़ के बाद वहां लूटपाट, छीना-झपटी और चोरी की वारदातें भी खूब हुईं। एक-एक रोटी पांच सौ रुपए में बिकी। यह वह क्षेत्र है, जिसे हिन्दुओं की देवभूमि कहते हैं। वहां के लोग हिन्दू श्रद्धालुओं को लूटने में नंबर एक पर रहे। वहीं हर्षिल में बौद्ध धर्म के अनुयायी आये थे, जिन्होंने फंसे हुए यात्रियों की बहुत सेवा की। केदारनाथ घाटी में साधु बने लोगों के पास से 7 करोड़ 14 लाख रुपए मिले। असल में केदारनाथ में ही हिन्दू धर्म का जनाजा निकाला, जहां हिन्दुओं ने हिन्दुओं को लूटा। इस पर विश्व हिन्दू परिषद जैसे संगठनों ने कहीं कोई टिप्पणी नहीं की..... और हिन्दुओं के बाबा केदारनाथ यह सब खेल-तमाशा चुपचाप अपनी आंखों से देखते रहे ...।

हमारा भारत ऐसा देश है, जहां कुछ लोग आस्था के नाम पर बौद्धिक विकलांगता की हद तक पहुंच जाते हैं। चूंकि तार्किक ढंग से सोचने-विचारने की प्रक्रिया उनकी आस्था पर प्रहार करती है और अंधविश्वास को चोट पहुंचाती है। अतः ये लोग अपनी अंधी आस्था के बचाव में लग जाते हैं।

गौरी लंकेश, कुलवर्गी, पंसारे और नरेन्द्र दाभोलकर जैसों की हत्या करके अंधविश्वासों को जीवित रखना आज भारत का मुख्य धर्म बन गया है। जिस विश्वास की सांसें विचारों की हत्या के दम पर चलती हों, उसे धर्म के साथ कैसे जोड़ा जा सकता है? क्या यह धार्मिक आतंकवाद नहीं है, जहां खुद को 'संत' कहने वाले कुछ लोग गुंडई और दबंगई पर उतारू हो जाते हैं?

बच्चों, आज हमारा देश अंधविश्वास के दलदल में फंसा है। हमारे धर्मों के ठेकेदार पण्डा, पुरोहित, राजनीतिक नेता, टीवी चैनल और निरीह सरकार इस दावानल में पेट्रोल छिड़कने का काम कर रही है। इस देश की जनता के हित-सुख की सुध लेने वाले हमें दूर-दूर तक कोई नहीं दिखता। इस देश को बचाने का कार्य केवल और केवल इस देश के बुद्धिवादी और तर्कशील नागरिक ही अपने वैज्ञानिक चिंतन के बल कर सकते हैं। सरकार को चाहिए कि वह अंधविश्वास को जिन्दाबाद करने वालों के हाथ की कठपुतली बनने की बजाय बुद्धिवादियों के हाथ मजबूत करे। टेलीविजन पर चलने वाले फालतू कार्यक्रमों पर अंकुश लगाए और बुद्धिवादी, तर्कशील और वैज्ञानिक विचारधारा वाले कार्यक्रमों को प्रमुखता से प्रस्तुत होने दे, ताकि भविष्य में किसी गौरी लंकेश, कुलवर्गी, पन्सारे और नरेन्द्र दाभोलकर को अपनी जान से हाथ न धोना पड़े।

अतः प्रिय छात्र-छात्राओं आप सबों से अनुरोध है कि आप अपने जीवन में तार्किकता, बौद्धिकता एवं वैज्ञानिक सोच को अधिक से अधिक उतारें और अपने समाज के अंदर भी फैलाने का प्रयास करें। आपके प्रशिक्षण एवं अध्ययन की सार्थकता इसी में है। मेरी समझ से एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए यह एक आवश्यक शर्त है-इसे याद रखें। अपार शुभकामनाओं के साथ-

आप सबों का शुभचिंतक
रमा शंकर आर्य (निदेशक)

प्रखर प्रेरणा का स्रोत है प्री-एग्जामिनेशन ट्रेनिंग सेंटर

जीवन की व्यस्तता और जरूरतों की प्राथमिकता को कुछ देर स्थगित करके प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, पटना विश्वविद्यालय की ओर देखना अवसरों की एक ऐसी शृंखला का अनुभव कराता है, जिसका संसर्ग न केवल मन के वेगवान प्रवाह को झरने की तरह अभिराम व ओजमय बना देता है, अपितु अज्ञात की ओर छलांग लगाने का अद्भुत साहस भी देता है। इस केन्द्र से मेरा जुड़ाव स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के दौरान हुआ। गुरुवर आदरणीय प्रो. रमाशंकर आर्य जी के निर्देशन में यह केन्द्र सफलता के सोपानों पर तीव्र गति से अग्रसर था। मैं वहां यूजीसी नेट की तैयारी हेतु कुछ कक्षाओं में उपस्थित रहता था। गुरुवर प्रो. रमाशंकर आर्य जी दर्शनशास्त्र के उद्भट आचार्य तो थे ही, सामान्य अध्ययन पर उनकी असाधारण पकड़ का एहसास प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र की कक्षाओं में बैठकर हुआ। माना जाता है कि जैसे हमारे विचार होते हैं, हमारा व्यक्तित्व भी वैसा ही हो जाता है। परंतु हमारे विचारों को मांजने-संवारने का कार्य प्रो. रमाशंकर आर्य जैसे पुरोधा आचार्यगण ही करते हैं।

अपने अध्ययन काल के प्रमुख शिक्षकों में मैं आंग्ल भाषा के सेवानिवृत्त आचार्य प्रो. शैलेश्वर सती प्रसाद का उल्लेख करना चाहूंगा जो इस केन्द्र में पढ़ाने के साथ-साथ हमलोगों का मनोवैज्ञानिक उन्नयन भी करते थे। डॉ. राज राजेश इस केन्द्र से जुड़े एक अन्य महत्वपूर्ण तथा प्रसिद्ध शिक्षक हैं, जिनकी कक्षाओं का लाभ मैंने उठाया। समय के प्रवाह में कुछेक शिक्षकों के नाम विस्मरित हो चुके हैं, परंतु यह उन सभी योग्य आचार्यों का शिक्षण ही है जिससे हमें जीवन का ठोस और सुनिश्चित आलम्ब उपलब्ध है। मैं अपने उन सभी शिक्षकों के प्रति कृतज्ञताभाव प्रकट करता हूं।

पटना विश्वविद्यालय में संचालित प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र मेरी दृष्टि में कई कारणों से प्रशंसनीय है। प्रथम कारण तो स्वयं मेरे गुरुदेव प्रो. रमाशंकर आर्य हैं। पाठक इसे एक शिष्य का उद्गार नहीं, वरन् जीवन अनुभव की वास्तविकता पर उद्धत शब्द समझें। हम भीड़, हलचल और कोलाहल में जीने के आदी तो हैं ही, उच्चस्तरीय पाखंड भी हमारी खासियत है। ऐसी स्थिति में जिस केन्द्र के निदेशक का स्पष्ट मंतव्य हो कि नियत चिह्नों पर चलने तथा लकीरें पीटने से न शिक्षा का लक्ष्य पूरा होता है और न समाज का ही भला होता है। उस केन्द्र को शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचने से कौन रोक सकता है? जैसे बुद्ध का ध्यान आते ही त्याग व तपस्या की लकीर उभर आती है, ठीक वैसे ही आदरणीय प्रो. आर्य के नाम के साथ ही पटना विश्वविद्यालय में संचालित प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र की तस्वीर सहज रूप से उभर आती है। अस्तु ऐसे समाज में जहां निजीकरण ही संपूर्ण यथार्थ है तथा शिक्षा, रोजगार और सेहत जैसी बुनियादी जिम्मेदारियां भी निजी क्षेत्र के हवाले होती जा रही हैं, वहां समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा सम्पोषित इस केन्द्र की उत्तरोत्तर सफलता निस्संदेह प्रशंसनीय है।

अंत में कुछ बातें अपने उन अनुजों से करनी है जो इन दिनों प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के अंग हैं। आपको यह समझना होगा कि किडनी परिवर्तन का अर्थ भाग्य परिवर्तन नहीं होता है। मशहूर साइकोथेरेपिस्ट डॉ. ऐमि मॉरिन का कहना है कि - ''किसी को इतना हक नहीं देना चाहिए कि वह आपकी सोच को 'कंट्रोल' कर ले।'' संस्कृति तथा परंपरा द्वारा यंत्रबद्ध पूरे अस्तित्व से इसकी अभिप्सा जगानी होगी। कमजोर तबके के छात्र-छात्राओं को स्वयं को सहज बनाना ही होगा। यह कार्य जितनी जल्दी हो उतना बेहतर। आपके उज्ज्वल व सार्थक भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।

-डॉ. मो. जियाउल हसन
सहायक आचार्य व अध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग
मगध महिला महाविद्यालय, पटना



यहां जीवन को सही मुकाम हासिल हुआ

बात सन् 2003 की है। उस समय मैं सिविल सर्विस की तैयारी के लिए पटना में था और हिन्दुस्तान समाचार पत्र में यहां प्रशिक्षण के लिए विज्ञापन निकला था। मैंने अपने मित्रों से बातकर विज्ञापन के अनुसार प्रारंभिक परीक्षा के लिए (नामांकन के लिए) फार्म भरा और दो घंटे की परीक्षा (वैकल्पिक) दी। मैं सौभाग्यशाली था कि इसमें मेरा चयन हो गया। बड़े उत्साह के साथ मैंने यहां नामांकन लिया और आंखों में भविष्य को बेहतर बनाने का सपना लिए पढ़ाई और तैयारी शुरू कर दी। मेरी पहली मुलाकात आदरणीय डॉ. रमाशंकर आर्य सर से हुई, जो यहां निदेशक हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि डॉ. आर्य सर एक कुशल प्रशासक और खासकर हमारे जीवन के पथ प्रदर्शक हैं। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूं कि मैं खांटी देहात से पटना में तैयारी के लिए आया था। जब पटना की चकाचौंध को देखा तो मेरा सिर चकरा गया। एक तरफ गरीबी हमेशा यह अहसास करा रही थी कि तुम इस दुनिया के लिए नहीं बने हो तो दूसरी तरफ जीवन की आकांक्षाएं आगे बढ़ने के लिए उद्वेलित कर रही थीं। इस ऊहापोह भरी जिंदगी में डॉ. आर्य सर का मार्ग दर्शन हमें काफी सुकून देने वाला साबित हुआ। उन्होंने हमेशा उत्साह बढ़ाया और कहा कि तुम जरूर अपनी गरीबी व पारिवारिक समस्या का निदान कर लोगे। भविष्य में यह सही साबित हुआ। आज मैं भारतीय रेल सेवा में हूं और यहां के सैकड़ों ऐसे बच्चों को जानता हूं जो पूरे देश में भिन्न-भिन्न विभागों में जाकर देश की सेवा कर रहे है। मैं इस प्रशिक्षण केंद्र के छात्र-छात्राओं से विनम्रतापूर्वक कहना चाहता हूं कि इसका वास्तविक उपयोग करें और अपने सुनहरे भविष्य का निर्माण सुनिश्चित करें। मैं यहां बिना किसी उद्देश्य के आया था लेकिन गुरुजनों के निर्देशन में एक मुकाम बनाने में सफल रहा।

दो शब्द संस्था से जुड़े प्रतियोगियों के लिए-

गिरकर उठना, उठकर चलना
यह कर्म है पुरुषार्थ का
कर्मवीर को फर्क न पड़ता
किसी जीत या हार का।

-एकलव्य कुमार ज्योति
भारतीय रेल सेवा, (पूर्व छात्र)

समाज के कमजोर तबके लिए वरदान

मेरा चयन 48वीं-52वीं बीपीएससी में हुआ था। कुल 363 चयनित अभ्यर्थियों में मेरा स्थान 32वां था। इस परीक्षा में दर्शनशास्त्र और श्रम एवं समाज कल्याण मेरे विषय थे। मेरे पिता जी मो. शफीक अहमद विवि शिक्षक के रूप में रिटायर हुए। मेरी भी हार्दिक इच्छा थी कि एक व्याख्याता के रूप में देश के भावी भविष्य से जुड़ा रहूं। परन्तु, नियति ने कुछ और ही निर्धारित किया था। बिहार प्रशासनिक सेवा में आकर कई वर्षों की ओर दृष्टि डालता हूं तो अहसास होता है कि मेरे स्वभाव व व्यवहार में जो गति आई है उसके पीछे श्रद्धेय प्रो. रमाशंकर आर्य जी के निर्देशन में चल रहे प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र की महती भूमिका रही है। मुझे याद है उन दिनों गुरुदेव प्रो. आर्य जी ने इंटरव्यू बोर्ड में जाने से पहले मॉक इंटरव्यू (छद्म साक्षात्कार) की व्यवस्था कराई थी। उसका काफी सकारात्मक प्रभाव मुझ पर पड़ा और इंटरव्यू बोर्ड में इसका परिणाम स्पष्टतः दिख गया। समाज के कमजोर तबके के छात्रों के लिए यह केन्द्र वरदान साबित हो रहा है। समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा सम्पोषित इस केन्द्र की उपलब्धियों को देखते हुए मैं बिहार सरकार के प्रति भी धन्यवाद प्रकट करता हूं। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि जिन विषयों एवं शिक्षकों-यथा, डॉ. एम. रहमान, डॉ. रजा, राजेश के लिए छात्र बाहर आस संजोए रहते हैं, वे यहां के छात्र-छात्राओं के लिए सहज भाव से सुलभ हैं। इस केन्द्र में शिक्षकों की उपलब्धता एवं उत्कृष्टता के संबंध में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि श्रेष्ठ के समीप बैठकर श्रेष्ठता का अनुभव करने का एक अप्रितम उदाहारण पटना विश्वविद्यालय में संचालित यह केन्द्र है। वर्तमान के प्रशिणार्थियों से यह पूरी आशा है कि जो अवसर उन्हें उपलब्ध हो रहे हैं, वे उसका सार्थक उपयोग करेंगे। एक बार पुनः गुरुदेव प्रो.(डॉ.) रमाशंकर आर्य जी के श्रीचरणों में आदरभाव समर्पित करता हूं। जय हिन्द !

-डॉ. इश्तियाक अजमल
वरीय उपसमाहर्ता, गया

आज भी काम आ रही बहुमूल्य सलाह

मैं सिविल सर्विसेज परीक्षाओं की तैयारी के दिनों से ही प्री-एग्जामिनेशन ट्रेनिंग सेंटर से जुड़ी हूं। मैं यहां अपना कैरियर संवारने के सपने लेकर आई थी। मुझमें बहुत उत्साह था लेकिन मुझसे भी ज्यादा जुनून था यहां के अच्छे शैक्षणिक अनुभव वाले शिक्षकों में। वे हर छात्र को तराशने में जुटे थे। यहां के शिक्षकों की बहुमूल्य सलाह, बेहतर मार्गदर्शन का आगे बहुत फायदा मिला। इंटरव्यू क्लासेज तो मेरे कैरियर में मील का पत्थर साबित हुए। मैं अभारी हूं डॉ. आरएस आर्या सर का जिनके सहयोग और मार्गदर्शन की वजह से मैं अपने लिए सही कैरियर का चयन कर सकी। आज मैं शिक्षक हूं। इस अनुभव के आधार पर यह कह सकती हूं कि छात्रों की सफलता और उनके ऊंचाई पर पहुंचने में एक अच्छे संस्थान और मार्गदर्शक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। प्री-एग्जामिनेशन ट्रेनिंग सेंटर में इन सबका समावेश है। कई दशक से यह केंद्र गरीब छात्रों का पथ प्रदर्शक बना हुआ है। यह सब आर्या सर और यहां के गुरुजनों के सम्मिलित प्रयास का परिणाम है। मुझे पूरा विश्वास है कि आगे यह केंद्र और प्रगति करेगा। हजारों मेधावियों के कैरियर को ऊंची उड़ान देने का आधार बनेगा। भविष्य में मेरी भी जरूरत पड़ी तो यहां के छात्रों को प्रोत्साहित करने और मार्गदर्शन के लिए तैयार हूं। मेरे लक्ष्य को मंजिल तक पहुंचाने वाली प्री-एग्जामिनेशन ट्रेनिंग सेंटर की टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।

-नम्रता, असिस्टेंट प्रोफेसर
मगध महिला कॉलेज, पटना विश्वविद्यालय

हमारे पुस्कालयों की जो भी लागत हो, उसकी कीमत एक अज्ञानी राष्ट्र की तुलना में बिल्कुल ही कम है।
-वॉल्टर क्रोंकाइट

शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसे आप दुनिया बदलने में इस्तेमाल कर सकते हैं।
-नेल्सन मंडेला

शिक्षा का मतलब ये नहीं कि आपने कितना कुछ याद किया हुआ है। इसका मतलब है आप जो जानते हैं और जो नहीं जानते हैं उसमें अंतर कर पाना।
-अनाटोले फ्रांस

शिक्षा जिंदगी की तैयारी नहीं बल्कि शिक्षा खुद ही जिंदगी है।
-जॉन डेवे

आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, आप एक आदमी को ही शिक्षित करते हैं। आप एक औरत को शिक्षित करते हैं, आप एक पूरी पीढ़ी को शिक्षित करते हैं।
-बर्मिंघम यंग

दुनिया एक किताब है और जो घूमते नहीं वो केवल एक पन्ना पढ़ते हैं। **-ऑगस्टीन ऑफ हिप्पो**

आधुनिक शिक्षक का कार्य जंगल की कटाई करना नहीं बल्कि रेगिस्तान की सिंचाई करना है। इस बात को समझना बहुत जरूरी है।
-सीएस लुइस

बिना दिल को शिक्षित किए, दिमाग को शिक्षित करना कोई शिक्षा नहीं है। **-ऑगस्टीन ऑफ**

बच्चे ये याद रखने की कोशिश नहीं करते कि आपने उन्हें क्या पढ़ाने की कोशिश की। वे यह याद रखते हैं कि आप क्या हैं।
-जिम हेंसन

आपका दिमाग भरा जाने वाला पात्र नहीं बल्कि जलाई जाने वाली आग है।
-प्लूटॉर्क

जो कोई भी सीखना छोड़ देता है, चाहे 20 पे या 80 पे बूढ़ा है। जो कोई भी सीखता रहता है वही जवान रहता है।
-हेनरी फोर्ड

फॉर्मल एजुकेशन आपको जीविका दे देगी, सेल्फ एजुकेशन आपको अमीर बना देगी।
-जिम रौन

जितना अधिक मैं जीता हूं, उतना अधिक मैं सीखता हूं। जितना अधिक मैं सीखता हूं, उतना अहसास होता है कि मैं कितना कम जानता हूं। **-मिशेल लीग्रैंड**

जिस दिन हमारे सिग्नेचर ऑटोग्राफ में बदल जाएं, मान लीजिए आप कामयाब हो गए।
-एपीजे अब्दुल कलाम

शिक्षा, शिक्षा है। हमें सब कुछ सीखना चाहिए और फिर चुनाव करना चाहिए कि हमें किस मार्ग पर चलना है। शिक्षा न वेस्टर्न है न ही ईस्टर्न।
-मलाला युसूफजई

अगर आपको लगता है कि शिक्षा महंगी है तो अज्ञानता को ट्राई कर लीजिए। **-रॉबर्ट ऑर्बेन**

निर्देश कक्षा के बाहर समाप्त हो जाते हैं, लेकिन शिक्षा जीवन के साथ ही समाप्त होती है।
-फ्रेडरिक डब्ल्यू रॉबेत्से

युवा पीढ़ी को इस काबिल बनाना कि वो जीवन भर अपने आप को प्रशिक्षित करती रहे, यही शिक्षा का असली उद्देश्य है।
-रॉबर्ट मेनार्ड हुत्चिंस



किसी सिद्धांत पर इसलिए विश्वास मत करो कि तुम्हें वैसा बताया गया है या परंपरा से वैसा होता आया है . . . किन्तु उचित परीक्षण और विश्लेषण के बाद जो कल्याणकारी लगे उसी सिद्धांत पर भरोसा करो और अडिग रहो।

–गौतम बुद्ध

धरोहर



अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का पत्र स्कूल के हेडमास्टर के नाम जिसमें उनका बेटा पढ़ता था

प्रिय अध्यापक महोदय,

मेरा पुत्र आपके पास शिक्षा ग्रहण कर रहा है। आपसे नम्र निवेदन है कि आप मेरे पुत्र को एक अच्छा चरित्रवान नागरिक बनायें। यह भी समझायें कि सभी मनुष्य न्यायप्रिय नहीं होते, सभी मनुष्य सच्चे नहीं होते। आप उसे यह भी समझायें कि दुष्टों का प्रतिरोध करने के लिए बहादुर लोग भी होते हैं और यदि स्वार्थी राजनीतिक होते हैं तो जन-कल्याण के लिए समर्पित नेता भी अवश्य होते हैं। उसे यह बोध करायें कि शत्रु होते हैं तो मित्र भी होते हैं। मैं जानता हूं कि यह कार्य श्रम-साध्य है, किंतु यदि आप समझा सकें तो उसे अवश्य समझायें कि कमाया हुआ एक रुपया पाये गये पांच रुपयों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण है। आप उसे खेल भावना में हारना सिखायें..। और विजयी होने पर आनंद लेना भी सिखायें। उसे ईर्ष्या से दूर ले जायें। यदि हो सके तो उसे मूक हास्य का रस भी सिखायें। उसमें यह समझ पैदा करें कि प्रताड़ित करने वालों का मुकाबला करना सबसे आसान होता है।

विद्यालय में उसे यह समझावें कि धोखा देने की तुलना में असफल होना कहीं अधिक सम्मानजनक है..। उसे अपने विचारों पर विश्वास रखने की सीख दें, चाहे दूसरे लोग उसके विचारों को गलत ही क्यों न कहें। उसे सज्जनों के साथ विनम्र एवं उदंड व्यक्तियों के साथ कठोर व्यवहार करना सिखायें। मेरे पुत्र में ऐसी दृढ़ता विकसित करने का प्रयास करें कि वह उस समय का अनुकरण न करे, जिसमें सब लोग हां में हां मिलाने की होड़ कर रहे हों। उसे सबकी बात सुनने की शिक्षा दें। परंतु उसको यह भी सिखायें कि जो कुछ वह सुनता है उसे सत्य की कसौटी पर कसकर देखे और जो कुछ अच्छा लगे ग्रहण करे।

यदि हो सके तो उसे सिखायें कि दुख के क्षणों में मुस्कुराया कैसे जाता है और उसे यह भी समझायें कि आंखों में करुणा, प्रेम या संवेदना के आंसू भरना लज्जा की बात नहीं। उसे ऐसे व्यक्तियों की उपेक्षा करना सिखायें जिन पर विश्वास नहीं किया जा सकता। उसे अत्यधिक मधुर बोलने वालों किंतु हृदय में कपट रखने वालों से सावधान रखना भी सिखायें..। उसे यह शिक्षा दें कि विश्वास के दाम न लगने दे। उसे चीखने-चिल्लाने वाली उग्र भीड़ की ओर से कान बंद रखना सिखायें..। और यदि वह अपने पक्ष को सही मानता है तो उस पर दृढ़ रहकर संघर्ष करने की भी उसे शिक्षा दें।

उसके साथ सौम्य व्यवहार तो करें किंतु आवश्यकतानुसार कठोरता भी बरते, क्योंकि केवल अग्नि परीक्षा से ही उत्तम फौलाद निर्मित होता है। उसमें अच्छे कार्यों के लिए अधीर होने का साहस भी विकसित करें और साहसी बनने का धैर्य भी। उसे मानव जाति से परमविश्वास रखने की शिक्षा दें। मैं आपसे बहुत अपेक्षा कर रहा हूं। आप विचार करें कि मेरे बेटे के लिए आप क्या-क्या कर सकते हैं...।

एक अभिभावक (अब्राहम लिंकन)